5 सितंबर

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् जन्मदिवस



शिक्षक दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 54 | इंदौर, गुरुवार 05 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




## सभी शिक्षकों को , शिक्षक समुदाय को कृतज्ञता रूपी प्रणाम...आभार...




# लोक अदालत में आओ, तीस प्रतिशत तक छूट व पूर्ण ब्याज माफी पाओ

## मालवा निमाड़ में विद्युत संबंधी हजारों प्रकरणों के समाधान की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार 14 सितंबर को आयोजित हो रही हैं। इसकी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तत्वावधान में प्रभावी तैयारी की गई है। मालवा और निमाड़ में 44 स्थानों (न्यायालयों) पर आयोजित होने वाली लोक अदालत में हजारों प्रकरणों के समाधान के लिए रखे जाएंगे। बिजली कंपनी ने 45 हजार से ज्यादा नोटिस पहुंचाने की प्रभावी तैयारी की हैं। पात्रतानुसार सिविल दायित्व की राशि पर तीस प्रतिशत एवं ब्याज पर शत प्रतिशत छूट दी जाएगी

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निदेशार्नुसार इंदौर जिले के 62 जोन वितरण केंद्र समेत मालवा निमाड़ के 425 जोन, वितरण केंद्रों, कार्यालयों के माध्यम से लोक अदालत की सफलता के लिए प्रभावी तैयारी की गई है। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता होगा। प्री लिटिगेशन के निम्नदाब श्रेणी के पात्र घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी। मुख्य सतर्कता



अधिकारी श्री आरके आर्या ने बताया कि प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व, अपराध शमन राशि एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। लोक अदालत के दौरान छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किए जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। यदि आवेदक के अन्य कोई कनेक्शन भी है, तो वहां की राशि पूर्ण जमा होना आवश्यक है। लोक अदालत के लिए कंपनी स्तर पर 45 हजार से ज्यादा नोटिस दिए जा रहे हैं।

# अहिल्या पथ की पांच योजनाओं का नोटिफिकेशन जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **उज्जैन रोड से धार रोड को जोड़ने वाले अहिल्या पथ का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण सिंहस्थ मेले से पहले करेगा। 15 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में आईडीए की एपी-1 और एपी-5 स्कीम आ रही है। पांचों योजनाओं में कुल 1170 हेक्टेयर जमीन आ रही है। इस मामले में आईडीए द्वारा धारा 50-1 की कार्रवाई के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है। आईडीए के इस प्रस्ताव के बाद शासन से नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन होने के बाद योजना को घोषित किया जाएगा। बाकायदा किसानों को सूचना पत्र जारी किए जाएंगे। उनके दावे, आपत्तियों का निराकरण भी करना होगा।**

जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों इंदौर विकास प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक में 15 किमी लंबे अहिल्या पथ को सैद्धांतिक मंजूरी दे चुका है। 8 गांव की 1400 हेक्टेयर जमीन पर आईडीए की यह योजना आकार लेगी। इस 1400 हेक्टेयर जमीन में से टाउनशिप, मकान बने हुए हैं। वहीं कई जमीन मालिकों ने नगर तथा ग्राम निवेश में 3 से 5 लाख रुपए तक फीस भरकर अनुमति भी ले रखी है। अब आईडीए द्वारा धारा 50-1 की कार्रवाई के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। शासन से नोटिफिकेशन जारी होने के बाद योजना को घोषित किया जाएगा। बाकायदा किसानों को सूचना पत्र जारी किए जाएंगे। उनके दावे, आपत्तियों का निराकरण भी करना होगा। 15 किमी लंबा अहिल्या पथ 14 सौ हेक्टेयर जमीन को अधिग्रहित कर बनाया जाएगा। इसके निर्माण में 400 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसके लिए आठ गांवों की उन जमीनों को लिया जाएगा जिन पर अभी किसान साल में तीन से चार बार खेती कर रहे हैं। किसानों की जमीन लेकर उन्हें 50 फीसदी विकसित प्लॉट दिए जाएंगे।

### अहिल्या पथ में शामिल ये है योजनाएं

1. एपी-1 - नैनोद, जम्बुड़ी हब्सी और रिजलाय की कुल 157.669 हेक्टेयर जमीनशामिल है
2. एपी-2 - जम्बुड़ी हपसी , बुड़ानिया, पालाखेड़ी और बड़ा बांगड़दा की कुल 286.046 हेक्टेयर जमीन शामिल है।
3. एपी-3 - बड़ा बांगड़दा, बुड़ानिया और पालाखेड़ी की कुल 204.554 हेक्टेयर जमीन शामिल है
4. एपी-4 - लिम्बोदागारी, बड़ा बांगड़दा और पालाखेड़ी की कुल 350.073 हेक्टेयर जमीन शामिल है
5. एपी-5 - लिम्बोदागारी, बरदरी, रेवती और भौंरासला की कुल 172.558 हेक्टेयर जमीन शामिल है
6. इस तरह कुल 1170 हेक्टेयर जमीन, जो कि 3 हजार एकड़ होती है, इन पांचों योजनाओं में शामिल की गई है।

## माउंट इंडेक्स स्कूल के विद्यार्थी सृष्टि विरांग स्वर्ण पदक, सृष्टि कुमावत कांस्य पदक

**भारतीय वुशू संघ व भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वधान में मेरठ में अस्मिता खेलो इंडिया वेस्ट जोन महिला वुशु लीग**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारतीय वुशु संघ व भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वधान में अस्मिता खेलो इंडिया वेस्ट जोन महिला वुशु लीग का मेरठ में समापन हुआ। मध्यप्रदेश की टीम 54 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही। इसमें माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल की टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर मैडल अपने नाम किए।इसमें स्कूल के विद्यार्थियों में सृष्टि विरांग स्वर्ण पदक,सृष्टि कुमावत कांस्य पदक,.अंजलि कोंगारी टॉप-8,आरती बैरागी टॉप-8 में स्थान प्राप्त किया।. ऋषिका पटेल व कौशिकी जायसवाल ने अच्छा प्रदर्शन किया। कोच लियाकत मंसूरी के मार्गदर्शन में पूरी टीम ने अस्मिता खेलो इंडिया वुशू प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन स्कूल एवं मप्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर माउंट इंडेक्स स्कूल के एमडी मयंकराजसिंह भदौरिया,सीईओ रुपेश वर्मा,प्राचार्य श्याम अग्रवाल ने वुशू टीम और कोच को बधाई दी। वुशु लीग में वेस्ट जोन के विभिन्न राज्य राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा, छत्तीसगढ़, गुजरात,मध्यप्रदेश,झारखण्ड और मेजबान उत्तरप्रदेश के तकरीबन 700 खिलाड़ियों और अधिकारियों ने भाग लिया। समारोह में भारतीय ओलंपिक संघ के भूपेंद्र सिंह बाजवा, उत्तर प्रदेश वुशु एसोसिएशन के अध्यक्ष सुहेल अहमद, वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

## सोयाबीन का समर्थन मूल्य 8000 की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने रैली निकाल कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस देपालपुर हातोद गौतमपुरा एवं बेटमा द्वारा किसानों को लेकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा ज्ञापन में मुख्य रूप से सोयाबीन का समर्थन मूल्य 8000 हो आडी पड़ी हुई एवं बिना फली कि सोयाबीन का सर्वे करवरकर उचित मुआवजा दिया जाए एमपीईबी द्वारा घरेलू बिजली के बिल अत्यधिक दिए जा रहे हैं उन्हें माफ किया जाए एवं दलित एवं आम जनों पर हो रहे अत्याचारों के दोषियों पर कार्रवाई की जाए। इन्हीं सब मागों को लेकर महाराणा जी प्रताप एवं भागीरथ जी सिलावट कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन दिया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला संघ अध्यक्ष राधेश्याम पटेल ,इंदौर दूध संघ अध्यक्ष विधानसभा प्रभारी मोती सिंह पटेल ,ने संबोधित कर किसानों की मांग को पुर जोर तरीके से उठाया रैली के दौरान माकूल पुलिस बल भी तैनात था कार्यक्रम में, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष ठाकुर, प्रकाश जैन, कृपाराम सोलंकी, एम राशिद, मिथिलेश जोशी,




वीरेन सेठिया, सत्यनारायण शर्मा ,रघुनाथ मौर्य, जगदीश भावसार, अनूप सिंह गहलोत, मुकेश सेन, सुरेश नगर,ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष राजीव यादव, मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष संजय मकवाना,ब्लाक किसान कांग्रेस अध्यक्ष सतीश पटेल,वासुदेव सरपंच, दिलीप खेर, जितेन बड़वाया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामचरण दयाल, यशवंत अंजना, घनश्याम सरपंच, नरेंद्र मकवाना, श्रवण मकवाना, आत्माराम मौर्य ,जितेंद्र ठाकुर पार्षद, निरंजन ठाकुर, विनोद चौधरी, संजय यादव, परमानंद यादव, मुकेश पटेल, इकबाल मंसूरी, सईद मंसूरी, बाबूलाल सरपंच, रामदेव पवार, जगदीश सरपंच, कल्याण सरपंच ,कृष्ण पटेल, चंद्रर गहलोत, राहुल यादव, अरुण यादव, लखन यादव, काना बैरागी, कैलाश पटेल, बहादुर सिंह ठाकुर, लीलाधर गहलोत, चंदन बड़वाया, मुकेश चंदेल, कृष्णा पटेल, रामदेव पवार, देवकरण बामोत्रीय, गणेश सरपंच ,देवकरण गुर्जर, निर्भय सिंह सोलंकी ,शौकत शेख, यशवंत गहलोत, मुकेश चौहान, हरिओम गोड, मुंशी गोड, देवकरण पटेल, देवनारायण चौधरी, कल्याण यादव, प्रवीण यादव, मुरली यादव, शुभम पटेल, नीलेश पटेल, विकाश जाधव,आदि उपस्थित थे कार्यक्रम के संचालक कांग्रेस कमेटी देपालपुर के अध्यक्ष राजेश बड़वाया ने किया ज्ञापन का वाचन गौतमपुरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन चौधरी ने किया आभार हातोद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनरसिंह सोलंकी ने माना।

## वृद्धावस्था में होने वाली बीमारियों के इलाज के लिए शिविर आज

**निःशुल्क औषधियां भी की जायेंगी वितरित**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वृद्धावस्था में होने वाली बीमारियों के परीक्षण एवं उनके उपचार के लिए इन्दौर जिले में आज 5 सितम्बर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर जिले के सभी 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित होंगे। इन शिविरों में वृद्धावस्था के दौरान होने वाली बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया जायेगा। निःशुल्क औषधियों का वितरण भी होगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि यह शिविर केंद्रीय आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार आयुष विभाग भोपाल द्वारा कलेक्टर आशीष सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किये जा रहें हैं। जिले में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में वृद्धावस्था जन्य व्याधियों के निवारण एवं परामर्श हेतु उक्त शिविर होंगे। शिविर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 5 सितम्बर 2024 गुरुवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जायेगा। बताया गया है कि वर्तमान में इन्दौर जिले में आयुष विभाग द्वारा 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित किए जा रहे हैं। जिनमें 12 आयुर्वेद, 1 होम्योपैथिक,1 यूनानी के है। शिविर में विशेष रूप से वृद्धजन (60+) के लिए है शिविर में हृदय रोग, मधुमेह, वात रोग, उदर रोग आदि का निःशुल्क उपचार एवं निशुल्क औषधियों का वितरण किया जायेगा। शिविर में ब्लड प्रेशर , शुगर की निशुल्क जाँच भी की जाएगी।

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल युनिवर्सिटी ने रजिस्ट्रेशन शुरू किया

**परीक्षा की तारीखों में बड़ा बदलाव, दिसम्बर 2024 में होगी परीक्षा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल एसआईयू ने सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है, जो युनिवर्सिटी के लॉ प्रोग्राम के लिए बेहद प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा है। इस साल प्रक्रिया में बड़ा बदलाव लाया गया है, इसके लिए ऐप्लीकेशन विंडो आधिकारिक रूप से 14 अगस्त 2024 को खोली गई और अब परीक्षा की दिनांक दिसम्बर 13 और दिसम्बर 15 2024 को रखी गई है, जबकि पारम्परिक रूप से इसका आयोजन मई में किया जाता है। वे उम्मीदवार जो इस परीक्षा में हिस्सा लेना चाहते हैं, वे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, योग्यता के मानकों एवं अन्य जरूरी जानकारी के लिए रछअळ की आधिकारिक वेबसाईट पर विजिट कर सकते हैं। परीक्षा दो बार होगी और दोनों में से सर्वश्रेष्ठ स्कोर के आधार पर छात्र युनिवर्सिटी के लॉ प्रोग्राम में प्रवेश पा सकेंगे।

## पढ़ाई के साथ जीवन के लिए आवश्यक कार्य भी सीखाना होंगे

**धन कमाना सभी का लक्ष्य है लेकिन नैतिकता से कैसे कमाए, कोई नहीं सिखाता : महात्मे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पद्मश्री डॉ विकास महात्मे ने कहा कि हमारे देश में शिक्षा के साथ जीवन के लिए आवश्यक कार्य भी सीखाना होंगे। हर व्यक्ति की लालसा धन कमाने की होती है। धन को नैतिक तरीके से कैसे कमाया जाएं, यह कभी कोई नहीं सीखाता है।

उन्होंने यह बात अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 63वीं वार्षिक व्याख्यान माला में अदृश्य स्वस्थ समृद्ध जीवन पर संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में जो महत्वपूर्ण है वह हमें नजर नहीं आता है। उदाहरण के साथ अपनी बात को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे लिए मन और भावना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है और उसका स्वास्थ्य अच्छा नहीं है। हमें गुस्सा आ रहा है। इससे स्पष्ट है कि हममें कहीं ना कहीं कोई बीमारी है। इस दुनिया में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जो सोचता नहीं हो। हमें अपने विचार और नजरिए की जानकारी नहीं होती है। हमारे संविधान में बंधुत्व की बात कही गई है। यह बंधुत्व सीखाया नहीं जाता है। जबकि हम सीखा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आपके और मेरे विचार अलग हो सकते हैं। हमारे बीच में विचारों में असहमति संभव है लेकिन असहमति के बावजूद एक दूसरे के विचार का आदर करना ही बंधुत्व का भाव है। हमें प्रगति करने के लिए रूटीन से अलग हटकर विचार विकसित करना होंगे। इस विचार के लिए जागरूकता जरूरी है। यदि हममें भावना नहीं होगी तो रोबोट में और हममें कोई अंतर नहीं बचेगा। हममें भावना विचारों से तैयार होती है। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत पुरुषोत्तम वाघमारे , हम्स शेख, रवि गुप्ता ने किया। स्मृति चिन्ह ओरिएंटल यूनिवर्सिटी के कुलपति सुनील सोमानी ने भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन वैशाली खरे ने किया।





# मुख्य मार्गों पर जानलेवा गड्ढे

## अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** नगर में देव झुलनी ग्यारस को मात्र 10 दिन शेष है उसे दिन नगर में डोल ग्यारस के दिन अखाड़े के साथ झांकियां एवं भगवान के डोल निकलते हैं जिसमें हजारों लोग शामिल होते हैं डोल ग्यारस का विसर्जन जुलूस चमन चौराहा देवी माता मंदिर बाढ़ चौक होकर जाता है लेकिन गंगा बावडी चौराहे पर उस हजारों की भीड़ जमा होती है मुख्य मार्गों पर यह गड्ढे किसी दुर्घटना का इंतजार हो रहा है तब ही इन्हें दुरुस्त किया जाएगा समय रहते इन गढ़ों को नहीं सुधर गया तो कोई भी घटना हो सकती है नगर के वार्ड नंबर 12 में जैन धर्मशाला के पास रोड क्रॉसिंग का गद्दा तीन बार टूट चुका है फिर बन चुका है अधिकारियों की जानकारी में है उसके बावजूद सुधारने का नाम नहीं ले रहा है वापस उसी स्थिति में है वार्ड नंबर 11 में भरावा सेरी अनंत नारायण मंदिर के पीछे दो-तीन स्थानों पर यह गड्ढे किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में नगर परिषद के अधिकारी है की कोई घटना हो उसके बाद जागे नगर परिषद के मुख्य नगर पंचायत अधिकारी बहादुर सिंह रघुवंशी उप यंत्री विकास गुप्ता को भी जानकारी में है उसके बावजूद इन गढ़ों को नहीं सुधारा जाना लापरवाही कही जाएगी।

# व्यापारी को गर्दन में मारा दिया चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कपड़ा दुकान पर पहुंचे आरोपी ने अचानक व्यापारी पर चाकू से हमला किया और फरार हो गया। चाकू व्यापारी की गर्दन पर लगा, जिससे वह घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी की वारदात कालानी नगर स्थित बड़ी फैशन कपड़ा दुकान पर हुई। घायल व्यवसायी का नाम पवन पिता हीरालाल यादव(26) निवासी धर्मराज कालोनी है। उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वे अपनी दुकान पर बैठे थे। उसी दौरान एक युवक कपड़ा खरीदने के बहाने दुकान पर आया। पहले तो वह कपड़े देखता रहा फिर अचानक उसने चाकू निकाला और उनकी गर्दन पर वार कर दिया। गर्दन में चोट आने से खून निकलने लगा। हमले के बाद आरोपी वहां से भाग गया। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र हो गए। पुलिस के मुताबिक फरियादी का कहना है कि उनकी किसी से कोई रंजिश नही है। पुलिस जांच कर रही है कि हमला क्यों किया गया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और तलाश की जा रही है।

### यहां गर्दन पर ब्लेड मारी

इसी प्रकार चंदननगर क्षेत्र में मोबाइल फोन के विवाद में एक युवक पर आरोपी ने हमला कर दिया। उसे पीटा और गर्दन पर ब्लेड मार दी। पुलिस के मुताबिक हमले की घटना डायमंड पैलेस सिरपुर में नाले की पुलिया के समीप हुई। घायल का नाम शकील उर्फ बबला पिता मोह मद रफीक निवासी डायमंड पैलेस है। पुलिस ने फरियादी केशव पिता कैलाश राव की रिपोर्ट पर आरोपी राहुल के खिलाफ केस दर्ज किया है। घायल ने पुलिस को बताया कि उसने आरोपी से कहा कि मेरा मोबाइल वापस दे दो। इस पर वह बोला तेरे मोबाइल का मुझे क्या पता। इसी बात पर आरोपी गालियां देने लगा। उसे गाली देने से मना किया तो उसने ब्लेड से जान से मारने की नीयत से उसके गले पर वार कर दिए। इससे गले से खून निकलने लगा। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# ऑनलाईन ठगी के 85 लाख वापस कराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोगों से छलकपट कर ठगी करने वाले बदमाशों की पहचान कर उनकी धरपकड़ के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। इसके अनुक्रम में क्राइम ब्रांच की फ्राड इन्वेस्टिगेशन टीमों को लगाया गया है, जिनके द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही हैं।**

इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित सायबर हेल्पलाईन, सिटीजन कॉप, एनसीआरपीपोर्टल आदि माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर फ्राड इन्वेस्टिगेशन सेल द्वारा आवेदकों से जानकारी लेकर त्वरित कार्यवाही कर ठगी गई राशि वापस कराने का कार्य किया जा रहा है। क्राइम ब्रांड एडि. डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार फ्राड इन्वेस्टिगेशन सेल द्वारा पिछले अगस्त माह में प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 85 लाख अधिक की राशि विभिन्न आवेदकों के खातों में सकुशल वापस कराई गई। इसके साथ ही ऑनलाइन फ्राड से बचाव के लिए साइबर पाठशाला जैसे अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। एडि. डीसीपी के अनुसार ऑनलाईन धोखाधड़ी होने पर तत्काल क्राइम ब्रांच के सायबर हेल्पलाइन नं. 704912.4445, 1930, एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत करें।

# दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी पकड़ाया

## साथ काम करने वाली युवती से बनाए थे जबरन संबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस ने बीती रात दुष्कर्म के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक को पुलिस ने महू के रेलवे स्टेशन से पकड़ा। युवक पर उसके साथ काम करने वाली एक युवती ने जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। साथ ही आरोपी ने घटना के बारें में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।**

मामले की जानकारी देते हुए उप निरीक्षक चांदनी सेंगर ने बताया, 'करीब दो महीने पहले मध्य प्रदेश के शाजापुर से जीरो पर मुकदमा दर्ज होकर आया था। जिसमें युवती ने पीथमपुर में अपने साथ कारखाने में काम करने वाले युवक शुभम उर्फ अंकित उम्र 24 वर्ष पर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। साथ ही घटना के बारे में जानकारी किसी को बताने पर जान से मारने की दी थी। पुलिस ने मुकदमे के बाद कार्रवाई करते हुए आरोपी शुभम की तलाश कई स्थानों पर की। हालांकि वह फरार हो गया था। बीती रात आरोपी को महू के रेलवे स्टेशन से पुलिस ने पकड़ा। आरोपी युवक को आज माननीय न्यायलय में पेश लिया जाएगा।

# डॉक्टर की पत्नी ने की खुदकुशी

## डिप्रेशन की बात सामने आई, पति क्लीनिक पर थे जब उठाया कदम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके में रहने वाले एक डॉक्टर की पत्नी ने सुसाइड कर लिया। बताया जाता है कि वह घर पर अकेली थी। रात में पति जब पहुंचे तो उन्हें जानकारी लगी। उनके डिप्रेशन में होने की बात सामने आई है। अन्नपूर्णा** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बबीता(48)पति डॉक्टर अजय गुप्ता निवासी विश्वकर्मा नगर ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। रात में अजय जब घर पहुंचे तो पति की जानकारी लगी। पुलिस के मुताबिक अजय सुदामा नगर इलाके में होम्यौपैथिक क्लीनिक चलाते है। प्रारभिंक जानकारी के मुताबिक बबीता के डिप्रेशन में होने की बात सामने आई है। उनके दो बच्चे है। जिसमें से एक मुंबई और एक कानपुर में रहते है। रात में परिवार ने उन्हें सूचना की है। दोनो इंदौर के लिये रवाना हो चुके है। पुलिस के मुताबिक सुसाइड को लेकर जांच की जा रही है।

# पापा मम्मी के फोन में सावधानी से गेम खेलें

## आपकी एक गलती उनका पूरा पैसा डुबा सकती है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के विद्या विजय बाल मंदिर में सायबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक प्रकोष्ठ एवं क्राइम ब्रांच इंदौर ने बच्चों को जरूरी जानकारियां दी। सब इंस्पेक्टर शिवम् ठक्कर, जिला विधिक प्रकोष्ठ के रविशंकर भाटिया और शंकर लाल पोरवाल, हाईकोर्ट वकील, टीआर ठाकरे, ग्राहक पंचायत के डा. विजय शर्मा और संजय पिपरिया धानुक कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे। सभी ने विद्यालय के बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सब इंस्पेक्टर शिवम् ठक्कर ने मोबाइल एवं इंटरनेट का सावधानी से उपयोग करने और उससे होने वाले अपराधों, ठगी की जानकारी बच्चों को दी। शिवम ठक्कर ने कहा कि मोबाइल पर आने वाली किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें न ही अपने माता पिता के मोबाइल का जानकारी के बिना उपयोग करें। किसी भी गेम और आनलाइन प्लेटफार्म में कोई जानकारी या ओटीपी आदि न डालें। इससे आपके मम्मी या पापा के खाते से तुरंत पैसे कट सकते हैं। जिला विधिक प्रकोष्ठ से रविशंकर भाटिया एवं शंकर लाल पोरवाल ने महिलाओं को कानून द्वारा दी जाने वाली सहायता एवं सुरक्षा पर उपयोगी बातें बताई। इसके साथ ही महत्वपूर्ण नंबर्स जो आपात स्थिति में डायल कर सरकारी मदद कैसे प्राप्त की जा सकती है, यह भी बताया गया।

# शासकीय स्कूलों में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 15 सितम्बर तक चलेंगी सफाई पर केन्द्रित गतिविधियाँ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को सफाई के महत्व को समझाने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। स्कूलों में 15 सितम्बर तक चलने वाले पखवाड़े में सफाई व्यवस्था पर केन्द्रित गतिविधियाँ बच्चों के सहयोग से चलाई जायेंगी। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

पखवाड़े के पहले दो दिनों में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सफाई व्यवस्था पर केन्द्रित गतिविधियाँ की गईं। तीसरे दिन शाला प्रबंधन समिति द्वारा पालकों और शिक्षकों के बीच शाला में सफाई व्यवस्था बनाये रखने पर रणनीति तैयार की गई। इस दौरान बच्चों को साबुन से हाथ धोने के महत्व के बारे में बताया गया। पेयजल स्थल को साफ-सुथरा रखने के लिये विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। जल-जीवन मिशन के अंतर्गत जल आपूर्ति का निरीक्षण किया गया। शाला परिसर में रखे अनुपयोगी रिकॉर्ड, सामान और उपकरणों को हटाने की कार्यवाही की गई।

पखवाड़े के दौरान 4 एवं 5 सितम्बर को शाला के शिक्षकों द्वारा ग्रामों का भ्रमण किया जायेगा। स्थानीय समुदाय को पानी रोकने के महत्व के बारे में बताया जायेगा। 6 सितम्बर को शालाओं में विद्यार्थियों को स्वच्छता पर आधारित स्लोगन, पोस्टर्स और पेम्फलेट बनाने के लिये प्रेरित किया जायेगा। शाला परिसर, बाउण्ड्री-वॉल के साथ अन्य स्थानों पर पौध-रोपण किया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान 7, 8 और 9 सितम्बर को विकासखण्ड और संकुल स्तर पर सुंदर शौचालयों को पुरस्कृत किया जायेगा। स्वच्छता पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता तथा जल की मितव्ययता एवं जल संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जायेंगी। पखवाड़े के दौरान 10 सितम्बर को विद्यार्थियों के बीच साबुन से हाथ धुलाई दिवस मनाया जायेगा। विद्यार्थियों को जल-जनित बीमारियों के बारे में बताया जायेगा। इस दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस 11 सितम्बर को मनाया जायेगा। लघु फिल्म एवं अन्य दृश्य-श्रव्य सामग्री का उपयोग कर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कक्षा-6वीं से 12वीं तक की किशोरी बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बताया जायेगा। बच्चों को दिन में दो बार टूथब्रश करने की समझाइश दी जायेगी। इस दौरान 12 सितम्बर को शाला स्वच्छता प्रदर्शनी दिवस मनाया जायेगा। बच्चों द्वारा पेंटिंग्स, स्लोगन, कार्टून आदि का प्रदर्शन प्रत्येक शाला में किया जायेगा। पखवाड़े के दौरान 13 और 14 सितम्बर को शाला प्रबंध समिति द्वारा स्वच्छता एक्शन प्लान तैयार कर उस पर चर्चा की जायेगी। बाल संसद और ईको क्लब से संबंधित गतिविधियाँ होंगी। पखवाड़े के दौरान अंतिम दिन 15 को विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र को पुरस्कार वितरित किए जायेंगे।

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, मां-बेटे की मौत, दो घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धामनोद-धार,(निप्र)।** धामनोद में ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई है। वहीं दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बुधवार धामनोद में राऊ-खलघाट फोरलेन के गणपति घाट पर हुआ है।

जानकारी के अनुसार इंदौर की ओर से आ रहा ट्रक गणपति घाट की ढलान से उतर रहा था। तभी ट्रक के ब्रेक फेल हो गए। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रही कार को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रक वाइडर कूद घाट चढ़ने वाली लेन में जाकर सड़क पर पलट गया।

ट्रक की टक्कर से कार पलट गई। ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला गया। सभी घायलों को एंबुलेंस से धामनोद अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने अनीता पति दीपक (26 वर्ष) और प्रयांश पिता दीपक (7 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। वहीं दीपक पिता कमल (35 वर्ष) और कमल पिता कालूराम (उम्र 60 वर्ष) घायल हुए हैं। जिनका इलाज चल रहा है। परिवार इंदौर से नांगलवाड़ी जा रहा था। टक्कर लगने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की जानकारी लगते ही काकड़दा चौकी प्रभारी मिथुन चौहान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। क्रेन की मदद से वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात चालू करवाया।

**इंदौर से नांगलवाड़ी जा रहा था परिवार-** सुदामा परिवार इन्दौर का रहने वाला है, जो इंदौर से बड़वानी जिले के ग्राम दोमांणा नागलवाडी के पास जा रहा था। मृतक महिला अनिता के पिता (दिनेश यादव (मोटा) नांगलवाड़ी जिला बड़वानी के रहने वाले हैं और नागलवाडी भिलट बाबा मंदिर संस्थान के अध्यक्ष हैं। वहीं मां-बेटे का अंतिम संस्कार किया गया है। दोनों घायल अभी ठीक हैं, उनको अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। हादसे में घायल डॉ. दीपक यादव इंदौर की सेज यूनिवर्सिटी में हेड ऑफ डिपार्टमेंट (कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग) हैं। दीपक की पत्नी अनीता यादव सेज यूनिवर्सिटी की हॉस्टल में इंचार्ज थी। हादसा सुबह 9 बजे हुआ। ट्रक में रवा मैदा भरा था। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। हादसे के आधे घंटे बाद क्रेन से कार हटाई गई। इसके बाद में ट्रक को साइड में किया गया।

# नगर निगम में अफसर ने की सुसाइड की कोशिश

## कर्मचारियों ने जहर की डिब्बी छीनी, अकाउंटेंट पर इन्क्रीमेंट रोकने का आरोप



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम ,(एजेंसी)। रतलाम नगर निगम में कार्यालय अधीक्षक ने बुधवार सुबह सुसाइड करने की कोशिश की। साथी कर्मचारियों ने उनके हाथ से जहर की डिब्बी छीन ली। बचाने के लिए उनके मुंह पर हाथ रख लिया। उन्होंने अकाउंटेंट पर पिछले दो महीने से वेतन वृद्धि_र नहीं देने का आरोप लगाया। करीब दो घंटे तक हंगामा चलता रहा।**

गोपाल झारीवाल रतलाम नगर निगम में बतौर कार्यालय अधीक्षक पदस्थ हैं। इसी कार्यालय में विजय बालोत्रा अकाउंटेंट हैं। झारीवाल ने इन्हीं पर आरोप लगाया है। इससे पहले झारीवाल धरने पर बैठे थे और अकाउंटेंट के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे थे।

### धरने पर बैठे, अकाउंटेंट के खिलाफ नारेबाजी की

बुधवार सुबह नगर निगम में सभी कर्मचारी अपने तय समय पर ड्यूटी पर पहुंच रहे थे। बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर कार्यालय अधीक्षक गोपाल झारीवाल के केबिन के सामने ही अकाउंटेंट विजय बालोत्रा का केबिन है। पास ही, निगम कमिश्नर हिमांशु भट्ट का चैंबर है।

सुबह करीब 11 बजे झारीवाल अचानक अकाउंट शाखा के बाहर फर्श पर धरने पर बैठ गए। अकाउंटेंट के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। कर्मचारियों के प्रति दुर्भावना बताकर सैलरी इन्क्रीमेंट नहीं देने का आरोप लगाया। शोर-शराबा सुनकर कई अधिकारी और कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए।

इसी दौरान झारीवाल ने अपनी जेब से एक डिब्बी निकाली और जहर की गोलियां खाने की कोशिश की। यह देख मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने हाथ से डिब्बी छीन ली। उनके मुंह पर हाथ रख लिया ताकि वे गोलियां न खा पाएं। इसके बाद समझाइश देकर किसी तरह मामला शांत कराया।

### झारीवाल बोले- 2 महीने से इन्क्रीमेंट का फायदा नहीं मिल रहा था

झारीवाल ने बताया कि, द्वराज्य सरकार के आदेश से कर्मचारियों के लिए चौथा वेतनमान लगाया गया था। बिना आदेश के दो महीने से अकाउंटेंट विजय बालौत्रा वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दे रहे थे। ऐसा 10-15 कर्मचारियों के साथ किया गया। इस बात को लेकर निगम आयुक्त, स्थापना शाखा प्रभारी और अकाउंटेंट से शिकायत कर चुके हैं। घटना के बाद अफसर हरकत में आए। बताया गया कि अगस्त महीने की सैलरी में इन्क्रीमेंट का फायदा दे दिया गया है।

### अकाउंटेंट ने कहा- करेक्शन कर वापस वेतन में जोड़ दिया

अकाउंटेंट विजय बालोत्रा का कहना है कि, स्थापना से जो बिल करेक्शन होकर आते हैं, वह आगे बढ़ा देते हैं। हमने करेक्शन कर वापस वेतन में जोड़ दिया है। सैलरी 4 अगस्त को आनी थी।

# फूट-फूटकर रोए छात्र-छात्राएं, स्कूल स्टाफ और ग्रामीण

## प्रिंसिपल की विदाई पर हुए भावुक, पूरा गांव विदा करने आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आलमपुर,(एजेंसी)। भिंड में एक प्रिंसिपल के विदाई समारोह में स्कूल के छात्र-छात्राएं, स्टाफ और गांव के लोग फूट-फूटकर रोए। प्राचार्य भी भावुक हो गए। वे भी अपने आंसू नहीं रोक पाए।**

ये मामला जिले की लहार तहसील के रुरई गांव के हाईस्कूल का है। प्राचार्य अरुण त्रिपाठी का प्रमोशन होने के बाद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल असवार में उनका तबादला हो गया है। जिसके बाद बुधवार को मां सिंह वाहिनी सेवा समिति ने उनके विदाई समारोह का आयोजन किया था।

### स्टूडेंट्स ने प्राचार्य को पकड़कर कमरे में बैठा लिया

स्टूडेंट्स ने प्राचार्य को पकड़कर कमरे में बैठा लिया। छात्र-छात्राएं उनके आसपास बैठ गए और रोने लगे। प्राचार्य ने उनके सिर पर हाथ फेरा और उन्हें ऐसा करने से मना किया। हालांकि वे खुद भी रोने लगे।

### हफ्ते में एक दिन रुरई आने का वादा करना पड़ा

प्राचार्य को भावुक छात्र-छात्राओं से हफ्ते में एक दिन रुरई आने का वादा करना पड़ा। प्राचार्य जब स्कूल से बाहर आए तो एक-एक कर स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों से गले मिले। इस दौरान सभी की आंखें नम दिखी। प्राचार्य के सम्मान में पूरा गांव ही उन्हें मुख्य मार्ग तक विदा करने आया।

**15 साल तक रुरई के हाई स्कूल में पदस्थ रहे-** जानकारी के अनुसार अरुण त्रिपाठी 15 साल पहले 2008 में फूप से ट्रांसफर होकर रुरई हाई स्कूल में आए थे। तब रुरई का शासकीय विद्यालय महीने में दो चार दिन ही खुलता था। साथ ही स्कूल में कई तरह की अव्यवस्थाएं थी। स्कूल का रिजल्ट भी निचले स्तर पर रहता था। अरुण त्रिपाठी ने रुरई हाई स्कूल में पदस्थ होने के साथ ही कुछ ही सालों के अंदर विद्यालय के हालात बदल दिए। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति सजग किया।

# 5 साल की बच्ची से रेप-मर्डर के दोषी को फांसी

## गला घोंटकर मारा, छत पर छिपाया था शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, (एजेंसी)।** नर्मदापुरम के सोहागपुर में 5 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या के केस में कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया है। 2.5 साल पुराने इस केस में बुधवार को सोहागपुर कोर्ट में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एडीजे सुरेश कुमार चौबे ने फैसला सुनाया। 125 वर्ष के इतिहास में पहली बार सोहागपुर न्यायालय ने मृत्युदण्ड की सजा सुनाई है। दोषी को पॉक्सो एक्ट और हत्या की धारा में फांसी की सजा सुनाई गई है। मृत्यु दंड के लिए डीएनए रिपोर्ट और बच्ची के नाबालिग भाई के बयान आधार बने। दोषी बच्ची का मामा लगता है। अभियोजन की ओर से पैरवी बाबूलाल काकोड़िया, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सोहागपुर एवं शंकरलाल मालवीय अपर लोक अभियोजक ने की।

### दोपहर से थी लापता थी मासूम, छत पर कपड़े से ढंका मिला था शव

मामला 25 दिसंबर 2021 का है। सोहागपुर के एक गांव से बच्ची दोपहर 3 बजे घर से लापता हो गई थी। परिजन ने आसपड़ोस और फिर गांव भर में तलाशा। शाम को शोभापुर पुलिस चौकी पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई।

### रेप-हत्या केस में फांसी सुनाने का डेढ़ साल में दूसरा फैसला

नर्मदापुरम जिले में बच्ची से रेप - हत्या करने के केस में फांसी की सजा सुनाने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले केसला के सुखतवा में एक 7 साल की मासूम से उसके फूफा ने जंगल में ले जाकर रेप किया था। शव जंगल में फेंक दिया था। इटारसी की कोर्ट ने 90 दिन के भीतर हत्यारे फूफा को फांसी की सजा सुनाई। अब दूसरा फैसला बुधवार को सोहागपुर में आया।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी ने 11 साल की बालिका से किया दुष्कर्म

## आरोपी पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर,(एजेंसी)।** लालबाग थाने क्षेत्र में एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी ने 11 साल की बालिका के साथ दुष्कर्म किया। शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया। उसके खिलाफ धारा 376 के अलावा पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार ने बताया 3 सिंतबर को लालबाग थाने में एक महिला ने शिकायत की कि उसकी 11 साल की बेटी के साथ एक सेवानिवृत्त कर्मचारी ने दुष्कर्म किया। सेवानिवृत्त कर्मचारी महिला का अच्छा परिचित था और काफी आना जाना था। उसने रात में मौके का फायदा उठाकर बालिका को दूसरे कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत सामने आने पर मामले की जांच कराई गई। एसपी ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पिकअप से टकराई, 4 लोगों की मौत

## दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर हादसा; मृतकों में तीन दोस्त शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर।** मंदसौर में स्कॉर्पियो और पिकअप की आमने-सामने से भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई। हादसा दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर बीती रात हुआ। स्कॉर्पियो में तीन दोस्त सवार थे। इन तीनों समेत पिकअप ड्राइवर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

शामगढ थाना प्रभारी उदयलाल अलावा ने बताया- एक्सीडेंट बर्डिया पूना देवरी गांव के पास रात करीब 1 बजे हुआ। एक्सप्रेस वे पर रॉन्ग साइड आ रही स्कॉर्पियो MP14 ZL 9680 ने सामने से आ रहे लोडिंग पिकअप RJ17 GA 8600 को टक्कर मारी है।

### एक घायल, मंदसौर जिला अस्पताल रेफर

स्कॉर्पियो में गरोठ तहसील के भामखेड़ी निवासी शंकर सिंह (25), गोविंद सिंह (25) और बालू सिंह (25) सवार थे। पिकअप राजस्थान के झालावाड़ जिले का रहने वाला सूरजमल प्रजापति (37) चला रहा था। चारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पिकअप सवार संतोष कुमार (38) पिता नंदलाल जैन घायल है। उसे शामगढ़ सिविल हॉस्पिटल से मंदसौर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## संपादकीय

### राजधानी में जघन्य अपराध करने वालों की सोच

राजधानी दिल्ली में बीते कुछ दिनों में बहुत सामान्य बात पर पीट-पीट कर हत्या कर देने की दो घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि कुछ लोगों के भीतर बातचीत से किसी मसले का हल निकालने का विवेक नहीं बचा है और हिंसा ही उन्हें आखिरी उपाय नजर आता है। दिल्ली के शाहदरा इलाके में गुरुवार को पैसे की लेनदेन को लेकर एक मिस्त्री को बुरी तरह पीट कर मार डाला गया। इससे एक दिन पहले रजौरी गार्डन इलाके में एक ढाबे के मालिकों और उसके कर्मचारियों ने एक ग्राहक की पीट-पीट कर हत्या कर दी। इस तरह के मामले भी अक्सर सुर्खियों में आते हैं, जिनमें सड़क पर वाहन से हल्की टक्कर या फिर आगे निकलने की कोशिश में दो पक्षों में विवाद उभर जाता और उसके बाद मारपीट में किसी की जान चली जाती है। सवाल है कि बहुत सामान्य बातों पर ऐसे जघन्य अपराध तक कर डालने से पहले लोग एक पल के लिए इसके नतीजों के बारे में क्यों नहीं सोच पाते हैं। उनका विवेक काम करना क्यों बंद कर देता है? समय के साथ आधुनिक और सभ्य होते समाज में उम्मीद यही की जाती है कि लोग आपसी व्यवहारों को लेकर संयत और विवेकवान होंगे। मगर यह समझना मुश्किल है कि लोगों के भीतर ऐसी असहिष्णुता और हिंसा कहां से और क्यों पैदा हो रही है कि वे बेहद मामूली बातों पर किसी की इस हद तक पिटाई करते हैं कि उसकी जान चली जाए। जिस तरह की बातों को बातचीत से सुलझा लेना चाहिए, उस पर हिंसक टकराव हो जाता है। आवेश में आकर एक सामान्य नागरिक कुछ ही देर में अपराधी बन जाता है। हालांकि उसके बाद होने वाली कानूनी कार्रवाई में जब हत्या के आरोपियों को अपने अपराध और होने वाली सजा का अंदाजा होता है, तब शायद उन्हें यह अहसास होता होगा कि कुछ पल के लिए अगर उन्होंने शांति से मामले से निपटने की कोशिश की होती, तो न किसी की जान जाती, न उन्हें सजा का सामना करना पड़ता। मगर अफसोस कि आज कुछ लोगों के भीतर शायद इतना भी समझ पाने का धीरज और विवेक नहीं बचा है।

**अर्ज़ किया है..!**

*चटख़ के टूट गई हैं तो*
*बन गई आवाज़*
*जो मेरे सीने में इक रोज़*
*ख़ामुशी हुई थी*

-सालिम सलीम

**OSHO कहिन**

**"लोग दु:ख से बचने के लिए सुख से बचते हैं और मृत्यु से बचने के लिए जिंदगी से बचते हैं।"**



**धर्म कर्म**

# हरतालिका तीज पूजा के लिए कुल इतने घंटे का ही शुभ मुहूर्त

**जानें पूजा का समय और मंत्र**



हरतालिका तीज का व्रत सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए रखती हैं। हरतालिका तीज का व्रत भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन रखा जाता है। इस बार हरतालिका तीज का व्रत 6 सितंबर शुक्रवार के दिन रखा जाएगा। इस बार हरितालिका तीज पर कई शुभ योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं हरतालिका तीज पर पूजा का शुभ मुहूर्त और योग।

### हरतालिका तीज पर बने कई शुभ योग

हरतालिका तीज पर 6 सितंबर शुक्रवार के दिन रवि योग, बुधादित्य योग बन रहा है। साथ ही चंद्रमा और शुक्र की कन्या राशि में युति होगी जो की बहुत ही शुभ फलदायी साबित होने वाली है। इन सबके साथ ही गुरु चंद्रमा का नवपंचम योग रहेगा। सुबह हस्त नक्षत्र और शाम में चित्रा नक्षत्र रहेगा। तृतीया तिथि के साथ चतुर्थी तिथि का संयोग बना हुआ है जो शास्त्रों में बहुत ही उत्तम माना जाता है।

### हरतालिका तीज पूजा शुभ मुहूर्त

5 सितंबर गुरुवार के दिन को तृतीया तिथि सुबह 12 बजकर 22 मिनट पर आरंभ और इस तिथि का समापन 6 सितंबर को दोपहर में 3 बजकर 1 मिनट पर होगा। 6 सितंबर को हरतालिका तीज की सुबह की पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 2 मिनट से 8 बजकर 32 मिनट तक रहेगा। यानी कुल दो घंटे 31 मिनट का मुहूर्त सबसे उत्तम रहेगा। इसके बाद शाम की पूजा के लिए में 5 बजकर 26 मिनट से 6 बजकर 36 मिनट तक का मुहूर्त सबसे उत्तम रहने वाला है। इस बार हरतालिका तीज पर हस्त नक्षत्र का बहुत ही शुभ संयोग बन रहा है। जो कि उस समय बना था जब माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए व्रत रखा था।

### इन मंत्रों के साथ लें पूजा का संकल्प

महिलाएं सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि के बाद 'मम उमामहेश्वरसायुज्यसिद्धये हरितालिकाव्रतमहं करिष्ये ।' इस मंत्र का जप करते हुए व्रत का संकल्प लें। अपने घर में मंडप बनाकर उसकी अच्छे से साज सजावट करें। इसके बाद ओम उमायै० पार्वत्यै० जगद्धात्र्यै० जगत्प्रतिष्ठायै० शान्तिरूपिण्यै० शिवायै० और ब्रह्मरूपिण्यै नमः' मंत्र का जप करते हुए माता पार्वती की मूर्ति की स्थापना करें इसके बाद ओम हराय० महेश्वराय ० शम्भवे० शूलपाणये० पिनाकधृषे० शिवाय० पशुपतये और महादेवाय नमः' का जप करते हुए भगवान शिव की प्रतिमा की स्थापना करें। अंत में 'देवि देवि उमे गौरि त्राहि मां करुणानिधे । ममापराधाः क्षन्तव्या भुक्तिमुक्तिप्रदा भव।। का जप करते हुए निराहार रहें और अगले दिन व्रत का पारण करें।

New Delhi

# क्यों 38 सीटों पर फैसले में फंस गई कांग्रेस, आतंरिक कलह और AAP से सुलह ने बढ़ाया पेच

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 67 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है, लेकिन अब तक कांग्रेस की सूची नहीं आई है। कांग्रेस में लगातार दो दिन सोमवार और मंगलवार को चुनाव समिति की मीटिंग थी। खबर है कि इस मीटिंग में करीब 66 सीटों पर चर्चा हुई, जिनमें से 52 पर सहमति बन गई है। वहीं 38 सीटों को लेकर अब तक फैसला नहीं हो सका है। इसकी वजह यह है कि इन सीटों पर जातीय और सामाजिक समीकरण साधने की चुनौती है। इसके अलावा अलग-अलग गुट दावेदारी कर रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि चुनाव समिति की दो मीटिंग्स में 52 उम्मीदवारों के नाम तय हो गए हैं। इनमें से 28 तो



मौजूदा विधायक ही हैं।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि अब जल्दी ही कांग्रेस की लिस्ट आ जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि भूपिंदर सिंह हुड्डा की सलाह पर कांग्रेस लगातार उम्मीदवारों के ऐलान में देरी कर रही थी क्योंकि वह चाहते थे कि पहले भाजपा नामों का ऐलान करे। ऐसे में कम से कम उन सीटों पर कांग्रेस की लिस्ट आ सकती है, जहां से भाजपा ने कैंडिडेट तय कर दिए हैं। कांग्रेस में कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला और भूपिंदर सिंह हुड्डा के अलग-अलग खेमे हैं। कई सीटों पर तीनों की ओर से दावेदारी की जा रही है। इसके चलते नामों का ऐलान अटक गया है।

खुद कुमारी सैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला ही मैदान में उतरने को तैयार हैं। ऐसे में कांग्रेस को इस भी फैसला लेना है, जबकि भूपिंदर हुड्डा इन नेताओं को टिकट देने के खिलाफ हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वह कुमारी सैलजा को अपने लिए प्रतिद्वंद्वी मानते हैं।

Rajasthan

# जयपुर में हिट एंड रन, तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचला



**जयपुर, (एजेंसी) राजस्थान की राजधानी जयपुर में हिट एंड रन का मामला सामने आया है. यहां एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के ड्राइवर ने बाइक पर जा रहे तीन दोस्तों को कुचल दिया और उन्हें घायल अवस्था में ही छोड़कर फरार हो गया. इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है.**

जानकारी के मुताबिक, यह घटना झोटवाड़ा इलाके के जोशी मार्ग की है. इस हादसे में जो तीन युवक घायल हुए थे, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ये भी सामने आया है कि स्कॉर्पियो इतनी स्पीड में इसलिए थी क्योंकि स्कॉर्पियो में सवार लोगों का एक ढाबे पर कुछ युवकों से विवाद हुआ था और वहां पुलिस पहुंचने के बाद वो लोग स्कॉर्पियो पर सवार होकर तेजी से निकल आए. स्कॉर्पियो को तेज रफ्तार में भगाने के दौरान गाड़ी की नंबर प्लेट भी सड़क पर गिर गई.

सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि देर रात तीन युवक एक बाइक पर जा रहे थे. इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही स्कॉर्पियो ने उन्हें कुचल दिया. इस दौरान आस-पास खड़े लोग दौड़ते हुए वहां पहुंचे और किसी तरह उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया. इन युवकों की पहचान इरफान, जकर और नमाज के रूप में हुई है.

Rajasthan

# श्रीगंगानगर में भीषण सड़क हादसा, एक ही गांव के छह लोगों की मौत; जागरण से लौट रहे थे सभी

**श्रीगंगानगर, (एजेंसी)** श्रीगंगानगर के विजयनगर में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। सूरतगढ़-अनूपगढ़ स्टेट हाईवे पर देर रात करीब 2 बजे एक कार ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में 3 बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 3 ने हॉस्पिटल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सभी बाइक सवार आपस में परिचित थे और रात्रि जागरण से लौट रहे थे।

पुलिस के अनुसार एक्सीडेंट में मौके पर हनुमानगढ़ जिले के रावतसर थाना क्षेत्र के पल्लू निवासी ताराचंद (20), सूरतगढ़ गांव के दो एसपीएम का रहने वाला मनीष उर्फ रमेश (24), बख्तावरपुरा निवासी सुनील कुमार (20) की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं, बख्तावरपुरा के चोहिलांवाली निवासी राहुल (20), राजियासर थाना क्षेत्र के गांव दो एसपीएम के शुभकरण (19) और बलराम उर्फ भालराम (20) की हॉस्पिटल ले जाने के दौरान मौत हो गई। एक्सीडेंट के बाद से कार ड्राइवर मौके से फरार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

Uttarpradesh

# एम्बुलेंस में बीमार पति के सामने महिला से छेड़छाड़, बचने के लिए चीखती-चिल्लाती और दरवाजा पीटती रही

**बस्ती/सिद्धार्थनगर, (एजेंसी)** यूपी के सिद्धार्थनगर जिले की एक महिला ने प्राइवेट एम्बुलेंस कर्मियों पर छेड़छाड़ और अभद्रता का आरोप लगाया है. महिला का कहना है कि वह अपने बीमार पति को लेकर लखनऊ से एम्बुलेंस से लौट रही थी. इसी दौरान रास्ते में उसके साथ गलत हरकत की गई. इसमें ड्राइवर और उसका सहायक शामिल था. विरोध करने पर उसे, उसके पति और भाई को बस्ती के छावनी इलाके में हाइवे किनारे जबरन उतार दिया. साथ ही रुपये, मोबाइल आदि छीन लिए. जिसके बाद पीड़ित महिला ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को पूरी कहानी बताई. लेकिन तब कोई खास सुनवाई नहीं हुई. हालांकि, मामले के तूल पकड़ने के बाद अब लखनऊ के गाजीपुर थाने में एफआईआर दर्ज हुई है. क्योंकि, एम्बुलेंस लखनऊ की ही थी. सपा प्रमुख अखिलेश यादव




ने भी मामले में रिएक्ट किया है. दरअसल, पूरा मामला 28 अगस्त का है जब सिद्धार्थनगर जिले के सकारपार पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला अपने बीमार पति का बस्ती के अस्पताल में इलाज कराने पहुंची थी. जहां हालत बिगड़ते देख वह अपने पति हरीश साहनी को लखनऊ मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचती है. लेकिन बेड न खाली होने के चलते वहां उसे एडमिट नहीं किया जा सका.

खेल

# पेरिस में धरमबीर ने स्वर्ण और प्रणव ने जीता रजत

## पुरुष क्लब थ्रो एफ51 में अमित नहीं दिखा पाए कमाल

**पेरिस, (एजेंसी)** पेरिस पैरालंपिक में भारतीय दल का शानदार प्रदर्शन जारी है। बुधवार को पुरुषों की क्लब थ्रो एफ 51 स्पर्धा में धरमबीर ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 34.92 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पेरिस में तिरंगा लहराया। वहीं, उनके साथी प्रणव सूरमा ने 34.59 के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। हालांकि, भारत के अमित कुमार इस स्पर्धा में 10वें स्थान पर रहे। यह पहली बार है जब भारत ने पैरालंपिक में क्लब थ्रो इवेंट में पदक जीता है। सर्बिया के जेल्को दिमित्रिजेविक ने 34.18 के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।



### धरमबीर ने भारत को दिलाया पांचवां सोना

फाइनल में धरमबीर की शुरुआत अच्छी नहीं हुई। लगातार चार थ्रो उनके अमान्य करार दिए गए। हालांकि, पांचवी बार उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 34.92 का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। इसके बाद छठे प्रयास में उन्होंने 31.59 का थ्रो किया। धरमबीर ने भारत को पेरिस पैरालंपिक में पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया है। इससे पहले बुधवार को तीरंदाज हरविंदर सिंह ने स्वर्ण जीता पदक था। धरमबीर के स्वर्ण के साथ भारत ने टोक्यो में हासिल किए गए अपने सर्वश्रेष्ठ पांच स्वर्ण पदकों की बराबरी भी कर ली।

### सूरमा ने जीता रजत

वहीं, सूरमा की शुरुआत शानदार हुई। उन्होंने शुरुआती दोनों थ्रो 34.59 और 34.19 के किए। हालांकि, तीसरा प्रयास में वह सफल नहीं हुए। भारतीय एथलीट का चौथा थ्रो 34.50 का रहा जबकि पांचवां थ्रो 33.90 का किया। वहीं, छठे प्रयास में उन्होंने 33.70 मीटर की दूरी तय की। प्रणव ने पेरिस पैरालंपिक में रजत पदक जीता।

### अमित नहीं दिखा पाए कमाल

पुरुषों की क्लब थ्रो एफ 51 स्पर्धा के फाइनल में अमित कुमार कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए। वह पहले प्रयास में विफल रहे जबकि दूसरा थ्रो 21.49 का रहा। तीसरा थ्रो उनका एक बार फिर अमान्य रहा जबकि चौथे प्रयास में उन्होंने 23.96 की दूरी तय की। पांचवां और छठा थ्रो भी अमान्य रहा।

### अंक तालिका में 13वें स्थान पर पहुंचा भारत

पेरिस पैरालंपिक में अब भारत के 24 पदक हो गए हैं। इनमें पांच स्वर्ण, नौ रजत और 10 कांस्य शामिल हैं। इसी के साथ भारत पैरालंपिक की पदक तालिका में 13वें स्थान पर पहुंच गया है। पदकों की यह संख्या अब तक की सर्वश्रेष्ठ है। टोक्यो 2020 पैरालंपिक में भारत ने 19 पदक जीते थे। भारत इस साल 25 पार के लक्ष्य के साथ उतरा है। वहीं, भारत ने एक पैरालंपिक खेलों में सबसे ज्यादा मेडल जीतने का नया रिकॉर्ड कायम किया है।

सिनेमा

# कंगना रनौत के हाथ से निकली 6 सितंबर की तारीख, 19 सितंबर को होगा इमरजेंसी पर फैसला




कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर चल रहे विवाद में अब एक बड़ा मोड़ आया है. 6 सितंबर को रिलीज के लिए तैयार 'इमरजेंसी' सेंसर बोर्ड के पेंच में अटकी है और इसे अभी तक सेंसर सर्टिफिकेट नहीं मिला है. अब ये तय हो गया है कि कम से कम दो हफ्ते तक तो नहीं ही रिलीज हो सकती.

'इमरजेंसी' को सेंसर सर्टिफिकेट न मिलने को लेकर मेकर्स ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. अब कोर्ट ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (CBFC) को आदेश दिया है कि वो 18 सितंबर तक 'इमरजेंसी' के सर्टिफिकेट पर फैसला ले. इसके बाद 19 सितंबर को कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई करेगा.

'इमरजेंसी' के मेकर्स जी स्टूडियोज, फिल्म को सर्टिफिकेट न मिलने को लेकर, मंगलवार को बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंचे. मेकर्स ने कोर्ट से CBFC को फिल्म का सेंसर सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश देने की मांग की, ताकि फिल्म तयशुदा रिलीज डेट- 6 सितंबर को रिलीज हो सके. मेकर्स ने अपनी पिटीशन में कहा कि CBFC ने 'अवैध और मनमाने ढंग से' सर्टिफिकेट रोक लिया है.

## Highlights

1. **MLA Napa quits BJP as another leader fielded from his Haryana seat**
2. **Pavithra kicked & slapped fan before murder, said 'You don't deserve to live': Reports**
3. **Anti-India, anti-Kashmir theme: Agnihotri on rejecting Oxford Union debate invite**
4. **I ran out of my home, drone followed me, dropped bomb: Manipur man**
5. **Anil Deshmukh booked by CBI in 'pen drive' case**

# Nykaa sues ex-executive Gopal Asthana who now heads Tata Cliq: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Beauty and fashion product retailer Nykaa sued its former chief business officer (CBO) Gopal Asthana, who now heads fashion business Tata Cliq, accusing him of breaching confidentiality as well as misappropriation of proprietary data and seeking to harm its business, it was reported. The complaint alleged that Gopal Asthana approached several Nykaa staffers who reported to him previously to join Tata Cliq. Some of them have made the switch over the past year, the company said as per a report in the Economic Times.

Nykaa said it had paid Gopal Asthana a significant remuneration, including long-term incentives and in stock options and it sought a refund of around ₹19 crore of employee stock option benefits availed of by him along with another ₹5 crore citing loss of goodwill.




The high court passed an interim order directing Gopal Asthana to not engage in hiring executives for Tata Cliq from Nykaa. Gopal Asthana joined Tata Cliq in June 2023 three months after his exit from Nykaa. Before Nykaa, he was at Shoppers Stop in various roles for over 21 years.

On the allegations, Gopal Asthana told Economic Times that they are "incorrect and they will get established in the arbitration. However, since the matter is sub-judice, I can't comment on the same. The matter is between my former employer and me, and my current employer is not a party in the matter and therefore best left out in the discussion."

# हर किसी के लिए क्यों आवश्यक हैं वीडियो एडिटिंग कौशल?



DGR @ दीपक विश्वकर्मा

आज के युग में, वीडियो सामग्री हर जगह है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से लेकर न्यूज़ चैनल तक, वीडियो ने हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन लिया है। इस तरह की सामग्री बनाने और संपादित करने की क्षमता रखना न केवल एक मूल्यवान कौशल है, बल्कि कई अवसरों का द्वार भी खोल सकता है।

## वीडियो एडिटिंग कौशल के लाभ

सृजनात्मकता का विकासः वीडियो एडिटिंग आपको अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम प्रदान करता है। आप अपनी कहानियों को दृश्यों, ध्वनि और संगीत के माध्यम से जीवंत बना सकते हैं।

**करियर के अवसर**ः वीडियो एडिटिंग के क्षेत्र में बढ़ती मांग के कारण, कई करियर विकल्प उपलब्ध हैं। आप एक वीडियो एडिटर, फिल्म निर्माता, या सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर बन सकते हैं।

**व्यक्तिगत ब्रांडिंग**ः वीडियो एडिटिंग का उपयोग करके आप अपनी व्यक्तिगत ब्रांडिंग को मजबूत कर सकते हैं। आप अपनी उपलब्धियों, रुचियों और विचारों को साझा करने के लिए वीडियो बना सकते हैं।

**शिक्षा और प्रशिक्षण**ः वीडियो एडिटिंग का उपयोग





शिक्षण और प्रशिक्षण सामग्री बनाने के लिए भी किया जा सकता है। आप अपनी समझ को बेहतर तरीके से व्यक्त करने के लिए वीडियो ट्यूटोरियल्स या प्रस्तुतियों का निर्माण कर सकते हैं।

## कुछ लोकप्रिय और उपयोग में आसान वीडियो एडिटिंग सॉफ्टवेयर

**Adobe Premiere Pro**ः एक पेशेवर-स्तरीय सॉफ्टवेयर जो व्यापक सुविधाएँ प्रदान करता है, लेकिन सीखने में थोड़ा समय लग सकता है।

**DaVinci Resolve**ः एक शक्तिशाली सॉफ्टवेयर जो पेशेवर फिल्म निर्माताओं द्वारा भी उपयोग किया जाता है, लेकिन शुरुआती लोगों के लिए थोड़ा जटिल हो सकता है।

**iMovie (macOS)**ः Apple उपयोगकर्ताओं के लिए एक उपयोगकर्ता-अनुकूल विकल्प जो शुरुआती लोगों के लिए आदर्श है।

**OpenShot**ः एक मुफ्त और ओपन-सोर्स वीडियो एडिटर जो विभिन्न ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है।

**Shotcut**ः एक अन्य मुफ्त और ओपन-सोर्स वीडियो एडिटर जो सरल इंटरफ़ेस और शक्तिशाली सुविधाएँ प्रदान करता है।

इन सॉफ्टवेयर का उपयोग करके, आप आसानी से अपने वीडियो को संपादित कर सकते हैं और अपनी रचनात्मकता को व्यक्त कर सकते हैं। चाहे आप एक छात्र, पेशेवर या सिर्फ एक शौकिया हों, वीडियो एडिटिंग कौशल आपके जीवन में मूल्यवान साबित हो सकते हैं।



# एमवाय अस्पताल के पास हत्या

## ◆ भिक्षुक पर पत्थर और कैंची से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संयोगिता गंज इलाके में बुधवार देर रात एक भिक्षुक की कैंची और पत्थर मारकर हत्या कर दी गई। उसके साथी ने ही उसे रात में मारपीट की थी। रात करीब 1 बजे पुलिस को जानकारी लगी। जिसमें टीआई सहित थाने का बल मौके पर पहुंचा। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना एमवाय परिसर के पास के ई एच कंपाउड की है। यहां सडक़ पर सोने वाले एक भिक्षुक पंचम को मौत के घाट उतारा गया है। रात में राहगीर ने शव देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। बताया जाता है कि पुलिस इस मामले में अमन पुत्र मुन्ना उर्फ कैलाश लिडसे को पकड़ा है। उसे भीड़ ने पकडक़र पुलिस के सुपुर्द किया था। आरोपी ने रात में पहले कैंची से सिर में हमला किया। इसके पत्थर मारा। जिससे पंचम की मौत हो गई।

## गणेशोत्सव की तैयारी के दौरान हेलोजन लगाते समय हादसा

# करंट लगने से छात्र की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **गांधी नगर इलाके मे करंट लगने से एक छात्र की मौत हो गई। बुधवार शाम को वह हेलोजन लगा रहा था। इस दौरान उसे करंट लग गया। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन यहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।**

गांधी नगर पुलिस के मुताबिक मृतक छात्र का नाम कृष्ण (17) पुत्र अर्जुन सिंह निवासी धरनावद ग्राम है। परिवार ने बताया कि वह गणेशोत्सव की तैयारी के चलते बुधवार शाम करीब 6:30 बजे हेलोजन लगा रहा था। तब उसका हाथ बिजली के तार से चिपक गया। जिससे वह गिर गया। हादसे के समय घर पर उसकी दादी मौजूद थी। उसने पिता और अन्य लोगों को जानकारी दी। जिसके बाद उसे यूनिक अस्पताल ले गए। यहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पिता किसान, इकलौता बेटा

परिवार के मुताबिक कृष्ण घर के बाहर भी पंडाल लगाकर गणेश जी की स्थापना करता है। बुधवार को भी वह इसी की तैयारी कर रहा था। उसके परिवार में पिता किसान हैं। वही एक बड़ी बहन है। कृष्णा 10वीं क्लास की पढ़ाई कर रहा था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक